मैं तो दौड़ी दौड़ी आयी

मैं तो दौड़ी दौड़ी आयी मेरी माँ तेरी ज्योत जलाने को..........

मैं टीका लायी माँ मैं बिंदिया लायी माँ,
मैं तो झुमके भी लायी माँ तेरे कान सजाने ने को,
मैं तो दौड़ी दौड़ी आयी मेरी माँ तेरी ज्योत जलाने को..........

मैं हरवा लायी माँ मैं माला लायी माँ,
मैं तो टीका लायी माँ तेरा मुखड़ा सजाने को,
मैं तो दौड़ी दौड़ी आयी मेरी माँ तेरी ज्योत जलाने को..........

मैं कंगना लायी माँ मैं चूड़ी लायी माँ,
मैं तो मेंहदी लायी माँ तेरे हाथ सजाने को,
मैं तो दौड़ी दौड़ी आयी मेरी माँ तेरी ज्योत जलाने को..........

मैं पायल लायी माँ मैं बिछुए लायी माँ,
मैं तो महावर लायी माँ तेरे पैर सजाने को,
मैं तो दौड़ी दौड़ी आयी मेरी माँ तेरी ज्योत जलाने को..........

मैं साडी लायी माँ मैं लहंगा लायी माँ,
मैं तो लाल चुनरिया भी लायी माँ तुझे ओढाने को,
मैं तो दौड़ी दौड़ी आयी मेरी माँ तेरी ज्योत जलाने को..........

मैं हलवा लायी माँ मैं पूड़ी लायी माँ,
मैं मेवा भी लायी माँ तेरा भोग लगाने को,
मैं तो दौड़ी दौड़ी आयी मेरी माँ तेरी ज्योत जलाने को..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31180/title/main-to-daudi-daudi-aayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |